प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 24.10.2024 समय: 2.10 PM

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी। श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 - 1 1 - 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। यह सुझाव 25 अक्तूबर तक भेजे जा सकते हैं। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर किया जाएगा।

खाद उपलब्धता

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसानों को खाद के लिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार के पास पर्याप्त खाद उपलब्ध है। किसानों को खाद के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी दी जाएगी। किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद का वितरण कराया जाएगा। प्रदेश में रबी फसलों की बोनी 1 अक्टूबर से 30 दिसंबर के मध्य होती है। बोनी की प्राथमिकता एवं जिले में उपलब्ध स्टॉक को ध्यान में रखकर उर्वरक व्यवस्था की जा रही है। विगत वर्ष 1 अक्टूबर से इस साल 31 मार्च तक 18 लाख 82 हजार मीट्रिक टन यूरिया का विक्रय हुआ था। जबकि केन्द्र सरकार द्वारा रबी सीजन के लिये 22 लाख मीट्रिक टन यूरिया प्रदाय करने की सहमति प्रदाय की गई है।

शिक्षक सम्मान

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से 14 शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर विगत वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार- के पुरस्कृत 2 शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। राज्य स्तरीय सम्मान से विभूषित सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में नि:शुल्क गणवेश योजना अंतर्गत प्रदेश के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 54 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में करीब 324 करोड़ रूपये की राशि भी अंतरित की जायेगी।

उपार्जन पंजीयन

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए 7 लाख 85 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले वर्ष करीब 7 लाख 54 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मोटे अनाज का उपार्जन 22 नवम्बर और धान का उपार्जन 2 दिसम्बर से किया जायेगा।

मतदाता मीडिया पुरस्कार

मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिये सर्वोत्तम अभियान चलाने वाले मीडिया संस्थानों को भारत निर्वाचन आयोग चार विभिन्न श्रेणियों में नेशनल मीडिया अवार्ड-2024 प्रदान करेगा। आयोग ने 10 दिसम्बर तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टेलीविजन और रेडियो और ऑनलाइन मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे।

सिकल सेल कार्यशाला

सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिए 2 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला भोपाल में चल रही है । कार्यशाला का उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रबंधन और निदान को बेहतर बनाना है। कार्यशाला केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र और पाथ संस्था के तकनीकी सहयोग से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के दूसरे दिन आज विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि अपने अनुभवों को साझा कर रहे हैं। कार्यशाला में कुल 17 राज्यों के नोडल अधिकारी और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

विश्व पोलियो दिवस

आज विश्व पोलियो दिवस है. मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि हमारा भारत अपने स्वास्थ्यकर्मियों एवं जागरूक जनता के अभिनव प्रयासों के माध्यम से ही 'पोलियो मुक्त भारत' का संकल्प पूर्ण हुआ है। उन्होंने शिशुओं को नियमित रूप से 'दो बूँद जिंदगी की' पिलाने की अपील की ।नर्मदापुरम जिले में आज विश्व पोलियो दिवस पर जिले को पोलियो मुक्त बनाने की दिशा में दो बूंद ज़िंदगी की खुराक बच्चों को पिलायी जा रही है।

समाचार संक्षेप में...

1. राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान जबलपुर में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान नाटिका उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में प्रदेश के नौ जोन की विजेता टीमों द्वारा मानव जाति के लाभ के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर नाटिका प्रस्तुत की जाएगी।

2. आगर मालवा के नलखेड़ा नगर में 7 प्रतिष्ठानों की जांच कर घी, काली मिर्ची एवं सेव मिर्ची पाउडर, पनीर, मिठाई और ड्राई फ्रूट सहित कुल 6 सैंपल लेकर सम्पूर्ण जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए।